ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow




CLASS :IV
SUBJECT : HINDI
CHAPTER NUMBER:1
CHAPTER NAME : नया साल
SUBTOPIC : लिखित प्रश्नोत्तर

CHANGING YOUR TOMORROW

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

क) राह –( रास्ता) - हमें सत्य के राह पर चलना चाहिए

ख)करुणा –(दया)- भगवान की करुणा सदा हम पर है ।

ग) भाईचारा - भ्रातृत्व ( भाई भाई संबध )भारत सबको एकता और भाईचारा का संदेश देता है ।

घ) सुखमय - सुख से भरा (आराम दायक)मेहनत से हम अपना जीवन सुखमय बना सकते हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

२.क)कविता में प्रयुक्त निम्न लिखित पंक्तियों के भाव स्पष्ट कीजिए ।'नया साल नई उमंगें, 'जगा नया विश्वास' ।
उ- नया साल नए जोश के साथ हमारे अंदर नया विश्वास जगाने के लिए आता है ।

ख) 'प्रेम करुणा की हवा में, ले पाएँ सभी फिर साँस
उ- नये साल के आने से सभी लोग प्रेम तथा दया भावना भरे वातावरण में साँस ले पाएँगे ।

ग)'प्यार पले सभी के दिल में, सभी चाह अधूरी मिट जाए ।
उ- सभी के दिल में प्रेमभरी भावनाएँ हों और सभी की अधूरी चाहतें पूरी हो जाए ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

## ३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क) कौन नया विश्वास जगा गए ?
उत्तर - नया साल नया विश्वास जगा गए|

ख)कवि क्या छोड़ने के लिए कह रहे हैं?
उत्तर - कवि बीती बातें छोड़ने के लिए कह रहे हैं|

ग) कवि प्रेम करुणा की हवा क्यों लाना चाहते हैं?
उ कवि प्रेम करूणा की हवा इसलिए लाना चाहते हैं, ताकि सभी लोग आपस में प्यार से तथा शांति से रहुपाएँ ।

घ) सभी के दिल में क्या होना चाहिए ?
उ - सभी के दिल में प्यार होना चाहिए।

ङ.) 'हिम्मत की गाँठ बाँधकर' कवि इस पंक्ति के माध्यम से क्या कहना चाहते हैं?

उ - कवि इस पंक्ति के माध्यम से यह कहना चाहते हैं कि हिम्मत अर्थात् साहस को अपनी ताकत बनाकर हमें दुख-दर्द कासामना करना चाहिए ।

## गृहकार्य

**पाठ अभ्यास करें**

## शिक्षण प्रतिफल

**छात्र पाठ को समझे और लिखित प्रश्नोत्तर की जानकारी लिए**

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP